चिकित्सा महाविद्यालयों में नीट यूजी एमबीबीएस/बीडीएस) पाठ्यक्रम में प्रवेश वर्ष 2024 हेतु ऑनलाईन आवेदन 18 अगस्त से

रायपुर, 13 अगस्त 2024/ छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय एवं निजी चिकित्सा महाविद्यालय एवं दंत चिकित्सा महाविद्यालय में संचालित स्नातक पाठ्यक्रम (एमबीबीएस/बीडीएस) में प्रवेश वर्ष 2024 हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते है। सभी आवेदक ऑन-लाईन पंजीयन करने के पूर्व छत्तीसगढ़ चिकित्सा, दंत चिकित्सा एवं भौतिक चिकित्सा (फिजियोथेरेपी) स्नातक प्रवेश नियम, 2018 (विशेषकर आरक्षण/काउंसिलिंग प्रक्रिया/बॉण्ड इत्यादि) एवं सूचनापत्र (Information Bulletin) का पूर्णतः अध्ययन कर ही ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ करें, जो संचालनालय की वेबसाइट www.cgdme.in एवं एनआईसी की वेबसाइट www.cgdme.admissions.nic.in में उपलब्ध है।

क्र.	प्रक्रिया का विवरण	विवरण
1	ऑनलाईन आवेदन – प्रारंभ तिथि	दिनांक 18 अगस्त 2024, समय Server Time 11:00 Hrs (11:00 AM) से
2	ऑनलाईन आवेदन – अंतिम तिथि	दिनांक 24 अगस्त 2024, समय Server Time 23:59 Hrs (11:59 PM) तक
3	च्वाइस फिलिंग एवं लॉकिंग (Choice Filling and Locking)	दिनांक 18 अगस्त 2024 समय Server Time 11:00 Hrs (11:00 AM) से दिनांक 25 अगस्त 2024 समय Server Time 23:59 Hrs (11:59 PM) तक

ऑनलाईन आवेदन शुल्क (Non Refundable)	1. अनारक्षित श्रेणी (UR) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) श्रेणी हेतु रू. 1000/- (रू. एक हजार मात्र) 2. अनुसूचित जनजाति (ST) एवं अनुसूचित जाति (SC) श्रेणी हेतु रू. 500/- (रू. पांच सौ मात्र) 3. अप्रवासी भारतीय नियतांश (NRI) हेतु रू. 10000/- (रू. दस हजार मात्र)

पंजीयन राशि (सुरक्षा निधि राशि) (Registration Fee/Security Deposit) :- यह राशि वापसी योग्य (Refundable) है, किन्तु द्वितीय काउंसिलिंग में आबंटन उपरान्त प्रवेश नहीं लेते है, तथा प्रवेश लेकर सीट त्यागते हैं तो, यह राशि राजसात (Forfeit) कर ली जायेगी। यह पंजीयन राशि (सुरक्षा निधि राशि) बीडीएस पाठ्यक्रम में लागू नहीं है)।

(केवल पंजीयन राशि हेतु देखें : भारत का राजपत्र असाधारण भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् संशोधन अधिसूचना नई दिल्ली, 18 मई, 2018 संभा.आ.प.-34(41)/2018-मेड/109835 के नियम 5 की तालिका क्रमांक-4)

श्रेणी	शासकीय महाविद्यालय हेतु पंजीयन राशि (सुरक्षा निधि राशि)	निजी महाविद्यालय अथवा निजी महाविद्यालय + शासकीय महाविद्यालय हेतु पंजीयन राशि (सुरक्षा निधि राशि)
UR	10000/- (रू. दस हजार मात्र)	100000/- (रू. एक लाख मात्र)
SC/ST/OBC	5000/- (रू. पांच हजार मात्र)	100000/- (रू. एक लाख मात्र)

ऑनलाईन पंजीयन से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबवाईट www.cgdme.in एवं www.cgdme.admisions.nic.in का अवलोकन करें।